रणजीत टाइम्स

इंदौर

सोमवार, 8 सितम्बर, 2025

वर्ष 01 | अंक 224 | कुल पृष्ठ : 8 | Digital

RNI-NO.MPHIN/2015/64585

प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे

# मौत के गड्ढे

## फोर लाइन का वादा भी अधूरा...



देपालपुर। देपालपुर से गौतमपुरा मार्ग आजकल यात्रियों के लिए किसी जाल से कम नहीं है। सड़क पर जगह-जगह पड़े गहरे गड्ढे दोपहिया वाहन चालकों की जान पर बन आए हैं। हालात इतने भयावह हैं कि रोज हादसे का खतरा मंडराता रहता है। शनिवार देर रात चंबल स्टेशन निवासी राहुल केलवा भी इसी लापरवाही का शिकार हो गए। घायल राहुल का इलाज गौतमपुरा के एक निजी अस्पताल में चल रहा है। स्थानीय लोग कह रहे हैं कि एमपीआरडीसी की लापरवाही के कारण दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है।

### रोज गुजरते हैं अधिकारी, लेकिन आंखें बंद

विडंबना यह है कि नायब तहसीलदार गौतमपुरा कुलदीप सिंह सहित कई शासकीय अधिकारी और कर्मचारी प्रतिदिन इसी रास्ते से गुजरते हैं, लेकिन सड़क पर मौत बनकर बिछे गड्ढे किसी को दिखाई नहीं देते। प्रशासन की यह चुप्पी लोगों के गुस्से को और भड़का रही है।

### फोर लाइन की घोषणा अधूरी

गौरतलब है कि देपालपुर से लेकर इंगोरिया तक फोर लाइन बनाने की मांग वर्षों से अधूरी है। पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गौतमपुरा में कॉलेज और देपालपुर से इंगोरिया तक फोर लाइन की सौगात देने की घोषणा की थी। लेकिन वादा तो दूर, आज स्थिति यह है कि सड़क की साधारण मरम्मत तक ठीक से नहीं हो पा रही। लोगों का कहना है कि जब घोषणा किए गए फोर लाइन का काम शुरू नहीं हो पाया, तो कम से कम वर्तमान सड़क को ही सुरक्षित बनाने पर ध्यान दिया जाए।

### एसडीएम का आश्वासन

इस संबंध में एसडीएम देपालपुर राकेश मोहन त्रिपाठी ने कहा— "एमपीआरडीसी इंदौर के संभागीय प्रबंधक को अवगत भी करवाया जाएगा और हम पत्राचार भी करेंगे।"

### सवाल – आखिर कब जागेगा प्रशासन?

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि अब हालात इस कदर बिगड़ चुके हैं कि किसी भी दिन बड़ा हादसा हो सकता है। सवाल यह है कि जब रोज अधिकारी इसी सड़क से गुजरते हैं, तब भी समस्या क्यों अनदेखी की जा रही है? लोगों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि सड़क की तुरंत मरम्मत की जाए और वर्षों से अधूरी पड़ी फोर लाइन की योजना को भी प्राथमिकता से अमल में लाया जाए।



# 2025 का पहला पूर्ण चंद्र ग्रहण

## 7 सितंबर की रात का अद्भुत नज़ारा

इंदौर। इस साल का बहुप्रतीक्षित पूर्ण चंद्र ग्रहण 7 सितंबर 2025, रविवार को होगा। खगोलविदों के अनुसार ग्रहण का आरंभ रात 09:58 बजे होगा और यह 01:26 बजे तक चलेगा। कुल मिलाकर यह खगोलीय घटना लगभग 3 घंटे 28 मिनट तक दिखाई देगी।

### ग्रहण और सूतक काल

चंद्र ग्रहण की शुरुआत: रात 09:58 बजे

ग्रहण का मध्य चरण: रात 11:42 बजे

ग्रहण की समाप्ति: 01:26 बजे (8 सितंबर की रात)

सूतक काल: ग्रहण से 9 घंटे पूर्व यानी दोपहर 12:57 बजे से ही शुरू हो जाएगा।

### कहां दिखाई देगा?

यह पूर्ण चंद्र ग्रहण भारत सहित एशिया, यूरोप, ऑस्ट्रेलिया और अफ्रीका के कई हिस्सों से दिखाई देगा। भारत में यह पूरी तरह से देखा जा सकेगा।

### धार्मिक मान्यताएं

हिंदू धर्मग्रंथों के अनुसार चंद्र ग्रहण के समय धार्मिक और आध्यात्मिक गतिविधियों पर विशेष ध्यान दिया जाता है। इस दौरान

मंदिरों के द्वार बंद रहते हैं।

पूजा-पाठ और शुभ कार्य वर्जित माने जाते हैं।

ग्रहण समाप्ति के बाद स्नान करके शुद्धिकरण करना और दान-पुण्य करना अत्यंत लाभकारी माना गया है।

### वैज्ञानिक दृष्टिकोण

**वैज्ञानिकों का मानना है कि पूर्ण चंद्र ग्रहण के समय चंद्रमा पृथ्वी की छाया में पूरी तरह आ जाता है, जिसके कारण चंद्रमा का रंग लालिमा लिए हुए दिखाई देता है। इसे 'ब्लड मून' भी कहा जाता है। खगोल विज्ञान प्रेमियों और आमजन के लिए यह रात बेहद खास होने वाली है। लोग इसे दूरबीन और नंगी आंखों से देख सकते हैं।**

रणजीत टाइम्स
इंदौर, सोमवार 8 सितम्बर 2025


## गोकुल नगर के राजा गणपति का हुआ भव्य विसर्जन



इंदौर, कनाड़िया रोड। हर वर्ष की परंपरा को निभाते हुए, इस वर्ष भी गोकुल नगर मित्र मंडल द्वारा गोकुल नगर के राजा गणपति का भव्य विसर्जन बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा के साथ किया गया। भव्य शोभायात्रा में बैंड-बाजों की मधुर धुन पर श्रद्धालु झूमते नजर आए। बच्चों ने उत्साह और उल्लास से भाग लिया, वहीं बच्चों और बड़ों ने पारंपरिक वेशभूषा पहनकर गणपति बप्पा पर पुष्पवर्षा की।

विसर्जन के दौरान गगनभेदी जयकारे गूंजे –



**"गणपति बप्पा मोरया… अगले बरस तू जल्दी आ"** गणेश जी को 56 भोग अर्पित किए गए और सभी श्रद्धालुओं ने बप्पा के दर्शन कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। आयोजक गोकुल नगर मित्र मंडल ने सभी कॉलोनीवासियों और उपस्थित भक्तों का हृदय से आभार व्यक्त किया और संकल्प लिया कि अगले वर्ष फिर से गोकुल नगर में गणपति बप्पा का भव्य आगमन और विसर्जन किया जाएगा।

## इंदौर्स गॉट टैलेंट सीजन 2 TI मॉल में




इंदौर,: पहले सीजन की सफलता के बाद इंदौर्स गॉट टैलेंट फिर लौट रहा है। यह मेगा टैलेंट शो 13-14 सितम्बर 2025 को ट्रेजर आइलैंड मॉल, इंदौर में आयोजित होगा। व्हीज़ी विंग्स द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में गायन, नृत्य, कविता, कला, योग, फैशन, कॉमेडी और अन्य प्रतिभाओं को मंच मिलेगा। विजेताओं को रोमांचक पुरस्कार और भविष्य के अवसर प्रदान किए जाएंगे। व्हीज़ी विंग्स के संस्थापक श्रेया अनासाने और डॉ. अंशुल जैन – ने कहा, "यह केवल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि इंदौर की प्रतिभा और रचनात्मकता का उत्सव है।" पंजीकरण शुरू हो चुके हैं, सीटें सीमित हैं। रजिस्ट्रेशन के लिए 8305525356 पर संपर्क कर सकते है।

# खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री ने लिया समाचार पत्रों की खबरों पर संज्ञान

### कलेक्टर शिवपुरी ने भोपाल से आये जांच हेतु पत्र पर किया पांच सदस्य का दल गठित कलेक्टर शिवपुरी ने दिया भोपाल से आये पत्र पर जांच दल को सात दिवस मे जांच कर प्रतिबेदन सौपने का किया उल्लेख

**दैनिक रणजीत टाइम्स**

**जगदीश पाल**

शिवपुरी। माननीय मुख्यमंत्री जी के नाम से संचालित मुख्यमंत्री युबा अन्नदूत योजना मे ओबरलोडिंग सहित अन्य अनियमित्ताओ और नियम बिरुद्ध संचालन को लेकर शिवपुरी मेल द्वारा प्रमुखता से प्रकाशन किया गया जिस पर खाद्य एबं नागरिक आपूर्ती मंत्री ने संज्ञान लेकर कलेक्टर शिवपुरी को किया जांच हेतु पत्र जारी भोपाल से आये पत्र के अनुक्रम मे कलेक्टर शिवपुरी द्वारा पांच सदस्यीय दल गठित कर सम्पूर्ण मामले की जांच हेतु दिनांक 04-09-2025 को एक पत्र जारी किया है जिसमे सात दिवस मे जांच कर सम्पूर्ण मामले मे प्रतिबेदन सौपने का उल्लेख किया गया है अब देखना होगा की जांच दल मे सम्मिलित अधिकारी कर्मचारियों द्वारा कलेक्टर शिवपुरी द्वारा दिये गये जांच हेतु सात दिवस के समय मे निष्पक्ष जांच कर प्रतिबेदन प्रस्तुत कर पाते है या फिर युही मामले को रफादफा कर भ्रस्टाचारियों को हमेशा की तरह संरक्षण दिया जाता है।

अगर नियमानुसार बात की जाए तो जिस समय की शिकायत की गयी है उसी समय से लेकर आज दिनांक तक के समस्त दस्ताबेजो की प्राथमिकता से निष्पक्ष जांच की जाए जिससे की जमीनी हकीकत स्पष्ट हो सके क्युकी पूर्व मे जारी जिला स्तर के अधिकारी द्वारा जारी पत्रों मे स्वयं ही यह स्वीकार कर चुके है की अन्नदूत योजना मे काफी भ्रस्टाचार हो रहा है अब अगर ऐसे मे भोपाल स्तर से आई जांच मे भी कारवाही नही की जाती तो फिर यह कहना गलत नहीं होगा की जांच दल द्वारा दोषियों को अभ्यदान दे दिया गया है खेर जांच दल द्वारा जांच कर क्या प्रतिबेदन कलेक्टर शिवपुरी को सौंपा जाता है यह अभी समय के गर्त मे है लेकिन जैसा की सुनने मे आ रहा है की भोपाल से आए पत्र को कलेक्टर शिवपुरी और जांच अधिकारी गंभीरता से लेकर कारवाही करने का मूड बना चुके है।



# इको-फ्रेंडली तरीके से हुआ गणेश विसर्जन

















रणजीत टाइम्स परिवार द्वारा इंदौर में इको-फ्रेंडली तरीके से गणेश जी का विसर्जन किया गया। इस अवसर पर ढोल-ताशों की गूंज के साथ भव्य चल समारोह निकला। पूरे मार्ग में गणपति बप्पा पर पुष्प वर्षा की गई और वातावरण भक्तिमय भजनों से गूंज उठा।

श्रद्धालुओं ने गणेश जी के समक्ष भजनों में भाग लिया और सामूहिक आरती कर "गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ" के जयघोष के साथ बप्पा को विदाई दी। रणजीत टाइम्स परिवार ने इस वर्ष विशेष पहल करते हुए अपने-अपने Farm House पर कुंड बनाकर गणेश जी का इको-फ्रेंडली विसर्जन किया। साथ ही रणजीत टाइम्स के राजा गणेश का भी श्रद्धापूर्वक विसर्जन कर समाज को पर्यावरण संरक्षण का सशक्त संदेश दिया। साथ ही गणेश जी को 56 भोग चढ़ाए गए और इसके बाद वितरित हुए महाप्रसाद का सभी भक्तों ने आनंद लिया। इस धार्मिक आयोजन में मुख्य रूप से सभी रिपोर्टर व साथी पत्रकार उपस्थित रहे, जिन्होंने पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ इस अनूठे पर्व को सफल बनाया।







# गुरुजन अच्छाइयों के वाहक होते है : सुश्री साबनानी

## पत्रकारों ने किया राष्ट्र निर्माताओं के सम्मान





### सम्मान समारोह में 50 से अधिक शिक्षकों का हुआ सम्मान

**झाबुआ : राजेश सोनी**

व्यक्ति के जीवन मे जो भी अच्छाइयां आती है वे गुरुजनों के मार्गदर्शन से ही आती है ओर जो बुराइयां उसके व्यक्तित्व में समाती है उसका स्त्रोत कोई और होता है। इसलिए पूरा समाज गुरुजनों का ऋणी है। उपरोक्त विचार स्थानीय गायत्री मंदिर परिसर में नगर पत्रकार संघ के तत्वावधान में आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह में एसडीओपी सुश्री अनुरक्ति साबनानी ने व्यक्त किए। कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों ने मा सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण किया। स्वागत भाषण नगर पत्रकार संघ अध्यक्ष जितेश विश्वकर्मा ने दिया। भाजपा पिछड़ा मोर्चा जिलाध्यक्ष सोनू विश्वकर्मा ने कहा व्यक्ति जीवन मे जो भी सफलता अर्जित करता है उसमे गुरु की बड़ी भूमिका होती है।

जिला पत्रकार संघ अध्यक्ष राजेश सोनी ने कहा कि शिक्षक जीवन को नया आकार देते है। संरक्षक संजय भटेवरा ने अपने उदबोधन में कहा कि गुरुजन ऐसे प्रकाश पुंज है जो नई राह दिखाते हैं। वरिष्ठ शिक्षक ओंकारसिंह मेड़ा ने बताया कि समाज और शिक्षक दोनों मिलकर मजबूत राष्ट्र बना सकते है। वरिष्ठ शिक्षक एनएस भारतीय ने कहा कि शिक्षक यदि समाज निर्माण का संकल्प लेकर कार्य करे तो देश का भविष्य सुनहरा हो सकता है। कार्यक्रम में महिला शिक्षिका श्रीमती कल्पना वर्मा, मुकेश पाटीदार ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर सभी शिक्षकों को पुष्पहार पहनाकर स्मृति चिन्ह भेंट किए। कार्यक्रम में अतिथि साबनानी ने जिला पत्रकार संघ की आयोजन के लिए भूरी भूरी प्रशंसा की। सम्मानित शिक्षकों की ओर से धन्यवाद ज्ञापित करते हुए धर्मेंद्र जानी ने कहा कि माँ और धरती के बाद शिक्षक तीसरा व्यक्ति है जो व्यक्ति निर्माण करता है।कार्यक्रम प्रबंधन में मनोज जानी, संजय लोढ़ा, वीरेंद्र भट्ट, धर्मेश सोनी, तन्मय चतुर्वेदी, मनोज पुरोहित, गोपाल राठौड़, सत्यनारायण गौड़, सुनील सोलंकी, राकेश गेहलोत, प्रियांश कटारिया, जिला सहकारी बैंक प्रबंधक डीएस कलमें का सराहनीय सहयोग रहा। कार्यक्रम के अंत मे अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। संचालन जिला पत्रकार संघ के संरक्षक हरिशंकर पंवार ने किया। आभार तहसील पत्रकार संघ अध्यक्ष निर्मल व्यास ने माना।

**इनका हुआ सम्मान-**

नारायणसिंह भारतीय, ओंकारसिंह मेड़ा, हरीश जानी, मुकेश पुरोहित, प्रकाश तिवारी, खुशालसिंह चौहान, धर्मेंद्र जानी, मुकेश पाटीदार, गोपाल काग, धर्मेंद्र द्विवेदी, महेश काग, अनिल परमार, प्रतापसिंह सिसोदिया, पुष्पेंद्र राठौर, संजय मकोड, कल्पना वर्मा, श्रीमती दुर्गेश पांचाल, संगीता काग, जिज्ञासा भट्ट, गायत्री अमलियार, कोमलसिंह परमार, प्रेम चौधरी, रमेश चौरसिया, हेमेंद्र जोशी,मोहन चौहान, शक्तिसिंह राठौर, श्रीमती रीना कलमें, महेश काग, उपेंद्र नागर, रमेश पडियार, रामलाल कटारा, रामचंद्र राठौर, धन्नालाल हामड,प्रेमसिंह राठौर, हरिराम पाटीदार, राजेंश डांगी, गोपाल पुरोहित, लूणचंद भाभर का सम्मान किया गया।

# पॉक्सो केस में आरोपी को दोषी ठहराने को बच्ची का बयान काफी : दिल्ली हाईकोर्ट



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली हाईकोर्ट ने अपने एक अहम फैसले में कहा है कि बाल यौन शोषण की शिकार पीड़िता के बयान ही आरोप साबित करने के लिए पर्याप्त हैं। हाईकोर्ट ने इस मामले में पीड़िता के बयानों पर भरोसा कर दोषी की 12 साल की सजा बरकरार रखी।

जस्टिस मनोज कुमार ओहरी की बेंच ने पॉक्सो केस के तहत दोषी की सजा के खिलाफ अपील खारिज कर दी। अदालत ने कहा कि यौन अपराध के मामलों में पीड़िता का दर्द इतना गहरा होता है कि उस पर भरोसा न करने की कोई वजह नहीं है। फिर यहां तो एक महज दस साल की बच्ची का मामला है। इस मामले में कड़कड़डूमा कोर्ट की विशेष पॉक्सो अदालत ने आरोपी टोनी को 25 फरवरी 2019 को दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट के तहत दोषी ठहराया था और 27 फरवरी को सजा सुनाई थी।

4 अगस्त, 2017 को 10 वर्षीय बच्ची ने आरोप लगाया था कि अपीलकर्ता (टोनी) जो उसके स्कूल के रास्ते में एक लकड़ी की दुकान पर काम करता था, उसे चाऊमीन व कचौड़ी जैसी खाने की चीजें देता था। बच्ची ने आरोप लगाया कि टोनी ने बार-बार अपनी दुकान पर ले जाकर उससे कई बार दुष्कर्म किया। आरोपी उसे धमकाता था कि अगर उसने किसी को बताया तो वह उसे मार देगा। वहीं दिल्ली के जहांगीरपुरी इलाके में 14 साल की किशोरी को देह व्यापार में धकेलने का मामला सामने आया है। किशोरी ने अपनी सहेली और दंपती पर आरोप लगाया है। पीड़िता अपने माता-पिता और चार भाई बहनों के साथ जहांगीरपुरी इलाके में रहती थी। चार साल पहले उसके पिता की मौत हो गई थी। पीड़िता की मां ने छह माह पहले दूसरा विवाह कर लिया था, जिसके बाद पूरा परिवार भारत नगर में रहने लगा था। पीड़िता ने बताया कि जहांगीरपुरी में उसकी दोस्ती सपना से हुई थी। सपना दो माह पहले उसे अंजान स्थान पर लेकर गई थी, वहां पर एक युवक ने पीड़िता से दुष्कर्म किया।

## नोटबंदी के दौरान कारखाना खरीदने के लिए 450 करोड़ के दिए पुराने नोट, शशिकला पर सीबीआई का आरोप

**नई दिल्ली, एजेंसी।** तमिलनाडु की दिवंगत मुख्यमंत्री जे जयललिता की करीबी सहयोगी वीके शशिकला पर गंभीर आरोप लगे हैं। उन्होंने 2016 में नोटबंदी के दौरान चीनी कारखाना खरीदने के लिए 450 करोड़ रुपये के पुराने नोट दिए थे। केंद्रीय जांच ब्यूरो की ओर से दर्ज प्राथमिकी में इसका उल्लेख किया गया है। सीबीआई ने मद्रास हाई कोर्ट के निर्देश पर पद्मादेवी शुगर्स लिमिटेड के खिलाफ इंडियन ओवरसीज बैंक को 120 करोड़ रुपये का नुकसान पहुंचाने का मामला दर्ज किया था। इस खाते को 2020 में धोखाधड़ी में इस्तेमाल घोषित किया गया था। प्राथमिकी में शशिकला का नाम आरोपी के तौर पर नहीं है। इसके मुताबिक पीएसएल (जिसे पहले एसवी शुगर मिल्स के नाम से जाना जाता था) की चीनी मिल को बैंक ने गिरवी के तौर पर लिया था। इसे आयकर विभाग ने बेनामी संपत्ति लेनदेन अधिनियम के तहत जब्त कर लिया था। आरोप है कि 2017 में शशिकला के खिलाफ एक मामले के सिलसिले में आयकर विभाग की तलाशी में दस्तावेज जब्त किए गए थे। दस्तावेजों के मुताबिक, बैंक ने सीबीआई को दी गई अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि नोटबंदी के दौरान, पटेल समूह की एक चीनी मिल की खरीद के लिए 450 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया था। यह शिकायत अब प्राथमिकी का हिस्सा है। एक निजी अस्पताल में निधन हो गया था। आईओबी की शिकायत में आरोप लगाया गया कि पीएसएल के वित्तीय मामलों का प्रबंधन करने वाले और प्रभात समूह के प्रभारी हितेश शिवगण पटेल ने शपथ पत्र दिया था।

## दिल्ली की हवा सबसे ज्यादा जहरीली, 6 साल की स्टडी के बाद वैज्ञानिकों ने अच्छी खबर भी दी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में सांस लेना अब और भी खतरनाक हो गया है। पुणे के इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ ट्रॉपिकल मेटेरोलॉजी की छह साल की रिसर्च में पता चला है कि दिल्ली की हवा में पारा सबसे ज्यादा है। पारा एक जहरीला धातु है जो तंत्रिका तंत्र, किडनी और हृदय के लिए नुकसानदेह है। अध्ययन में दिल्ली, अहमदाबाद और पुणे की हवा की तुलना की गई। इसके नतीजे हैरान कर देने वाले हैं।

अध्ययन ने बताया गया है कि दिल्ली में पारा का स्तर दक्षिण एशिया में अब भी सबसे अधिक बना हुआ है। दिल्ली की हवा में पारा का स्तर 6.9 नैनोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर पाया गया, जबकि अहमदाबाद में यह 2.1 और पुणे में 1.5 नैनोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर है। दिल्ली का पारा स्तर वैश्विक स्तर से 13 गुना ज्यादा था।

रिसर्च में बताया गया कि इन शहरों में पारा का 72% से 92% हिस्सा मानव गतिविधियों जैसे कोयला जलाना, ट्रैफिक और उद्योगों के कारण है। सर्दियों में और रात के समय पारा की मात्रा बढ़ जाती है, जो कोयला जलाने, पराली जलाने और स्थिर मौसम की वजह से होता है। आईआईएससी के नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस्ड स्टडीज के चेयर प्रोफेसर गुफरान बीग ने कहा, पारा डब्लूएचओ के अनुसार सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए 10 खतरनाक रसायनों में शामिल है।

# दिल्ली से पटना के लिए चलेगी स्लीपर वंदे भारत ट्रेन



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दीवाली और छठ पर बिहार जाने की तैयारी कर रहे लोगों के लिए खुशखबरी है। देश की पहली वंदे भारत स्लीपर एक्सप्रेस ट्रेन इस साल दीवाली से पहले दिल्ली से बिहार के लिए शुरू हो सकती है। रेलवे सूत्रों के अनुसार, ट्रेन सितंबर के अंत तक पटना के लिए शुरू हो सकती है। हालांकि, अभी इस ट्रेन के रूट की घोषणा नहीं हुई है, लेकिन संभावना है कि यह ट्रेन दिल्ली से पटना के बीच चलेगी और आगे दरभंगा या सीतामढ़ी तक इसका विस्तार किया जा सकता है।

इस स्लीपर वंदे भारत ट्रेन की शुरुआत खासकर दीवाली और छठ पूजा के समय हो रही है, जब दिल्ली में रहने वाले लाखों लोग बिहार अपने घर वापस जाते हैं। इस ट्रेन की शुरुआत के बाद से यात्रियों को तेज और आरामदायक सफर आनंद मिलेगा। इससे दिल्ली से पटना जाने में लगने वाला समय भी काफी कम हो जाएगा।

रेलवे मंत्रालय से मिली जानकारी के अनुसार, वंदे भारत स्लीपर ट्रेनों की शुरुआत देश की रेलवे आधुनिकीकरण यात्रा का अहम कदम मानी जा रही है। बताया जा रहा है कि ये ट्रेनें 160 किलोमीटर प्रति घंटे की अधिकतम रफ्तार पर चलेंगी। इस ट्रेन में केबिन के दोनों तरफ ड्राइवर होने से टर्मिनल पर इंजन बदलने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इससे सफर में लगने वाला समय भी काफी कम हो जाएगा। इस ट्रेन में लोगों की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा गया है। ट्रेन में कवच एंटी-कोलिजन सिस्टम, क्रैशवर्थी कोच डिजाइन, यूरोपीय मानकों के हिसाब से अग्नि सुरक्षा, और हर कोच में कैमरे लगाए गए हैं।

मिली जानकारी के अनुसार, इस ट्रेन के इंटीरियर में ग्लास फाइबर पैनल, आरामदायक लाइटिंग, और आरामदायक बर्थ दिए गए हैं। ऊपर की बर्थ पर आसानी से चढ़ने के लिए नए डिजाइन की सीट बनाई गई है। इसके साथ ही एंट्री गेट और डिब्बों के बीच ऑटोमैटिक सेंसर आधारित दरवाजे लगाए गए हैं और साफ-सफाई के लिए टच-फ्री बायो-डाइजेस्टर टॉयलेट उपलब्ध होंगे। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि यह ट्रेन लंबी दूरी की यात्रा को तेज, सुरक्षित और सुविधाजनक बनाएगी, जिससे खासकर त्योहारों के समय बिहार जाने वाले यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी।

## राजनीति में एंट्री लेने को निशांत तैयार, बस नीतीश कुमार के परमिशन का है इंतजार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पंजाब में विनाशकारी बाढ़ ने हाहाकार मचा रखा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी पंजाब में बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा करने वाले हैं। जानकारी के मुताबिक वह 9 सितंबर को पंजाब जाएंगे और बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा करेंगे। पीएम मोदी गुरदासपुर जाकर जमीनी स्तर पर हालात देखेंगे। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बड़े राहत पैकेज का भी ऐलान कर सकते हैं। बाढ़ में मरने वालों की संख्या बढ़कर 46 हो गई है, जबकि 1.75 लाख हेक्टेयर भूमि पर खड़ी फसलें बर्बाद हो गई हैं। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय आपदा मोचन बल , सेना, सीमा सुरक्षा बल, पंजाब पुलिस और जिला प्रशासन द्वारा राहत और बचाव अभियान युद्धस्तर पर चलाया जा रहा है। पंजाब दशकों में आई सबसे भीषण बाढ़ का सामना कर रहा है। हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर के जलग्रहण क्षेत्रों में भारी वर्षा के कारण सतलुज, ब्यास और रावी नदियां तथा मौसमी नालों के उफान के चलते यह स्थिति बनी है। इसके अलावा, हाल के दिनों में पंजाब में हुई भारी बारिश ने हालात को और गंभीर कर दिया है, जिससे लोगों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। अधिकारियों ने बताया कि शनिवार को पोंग बांध का जलस्तर मामूली घटकर 1,394.19 फुट दर्ज किया गया, हालांकि यह अब भी उसकी अधिकतम सीमा 1,390 फीट से चार फुट ऊपर है। शुक्रवार शाम बांध का जलस्तर 1,394.8 फुट था।

अधिकारियों के अनुसार, शुक्रवार को बांध में पानी का प्रवाह 99,673 क्यूसेक था, जो घटकर 47,162 क्यूसेक रह गया, जबकि निकासी 99,673 क्यूसेक पर यथावत बनी रही। भाखड़ा बांध के मामले में शनिवार को जलस्तर 1,678.14 फुट दर्ज किया गया, जो शुक्रवार को 1,678.47 फुट था। सतलुज नदी पर बने इस बांध में पानी का प्रवाह 62,481 क्यूसेक और निकासी 52,000 क्यूसेक रही। राज्य के वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने बाढ़ को पांच दशकों में सबसे भीषण बताया। उन्होंने कहा कि पंजाब और पड़ोसी पहाड़ी राज्यों में लगातार हुई बारिश ने व्यापक तबाही मचाई है, जिससे सभी जिलों के लगभग 2,000 गांव प्रभावित हुए हैं।

ताजा बुलेटिन के अनुसार, 3.87 लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं और 46 मौतों की पुष्टि हुई है। एक अगस्त से पांच सितंबर के बीच 14 जिलों से 43 मौतें दर्ज की गई थीं। कुल 23 जिलों के 1,996 गांव बाढ़ से प्रभावित हुए हैं।

## अनंत चतुर्दशी समारोह

### हुकुमचंद मिल की झांकी प्रथम, अखाड़ों में छोगालाल व चंद्रपाल उस्ताद अव्वल

# शहर की परम्परा के अनुरूप रातभर निकला नयनाभिराम झांकियों व अखाड़ों का कारवां



**इंदौर।** शनिवार रात शहर की सड़कें अनंत चतुर्दशी के चल समारोह से रोशन रही। लोगों ने इस उत्सव के प्रति अपनी सहभागिता निभाते हुए शहर की परम्परा को अपार उत्साह और उमंग के साथ आगे बढ़ाया। पूरी रात जोश और उल्लास के साथ चल समारोह में निकली झांकियों और अखाड़ों के उत्कृष्ट प्रदर्शन ने हजारों लोगों का मन मोह लिया।

ऐतिहासिक आयोजन में धार्मिक पौराणिक कथाओं के साथ-साथ सामाजिक संदेश देने वाली झांकियां भी शामिल थी। शाम 6 बजकर 20 मिनट पर खजराना गणेश की झांकी से चल समारोह की शुरुआत हुई। इसके बाद आईडीए, नगर निगम और फिर मिलों की झांकियां सड़कों पर उतरी। झिलमिल झांकियों के निकलते काफिले को देखने के लिए इंदौर वासियों के साथ ही आसपास के शहरों व गांवों के लोग भी ऐतिहासिक समारोह के साक्षी बने। झांकियां निकलने से पहले कलेक्टर व अन्य अधिकारियों ने आरती व पूजन किया। चल समारोह की शुरुआत खजराना गणेश की तीन झांकियों के साथ हुआ। एक झांकी में देशभक्ति के रंग थे। तिरंगे से रंगी ये झांकी देख दर्शकों ने भारत माता की जय के नारे लगाए। दूसरी और तीसरी झांकी धार्मिक आस्था से ओत-प्रोत रही। ऑपरेशन सिंदूर की थीम पर निकली आईडीए की झांकी खास आकर्षण का केंद्र रही। इस झांकी में लड़ाकू विमान दिखाया गया। नगर निगम की एक झांकी में सिंह पर भारत माता को बैठा दिखाया गया। अन्य झांकी में निगम की योजनाएं और मधुमेह व मोटापे के दुष्परिणाम पर जागरूक करते हुए अभियानों की जानकारी दी गई। निगम की झांकी रात 8.30 बजे चिकमंगलूर चौराहा से रवाना हुई। जिला प्रशासन ने झांकी और अखाड़ा निर्णायक समितियों द्वारा पुरस्कार के लिए सर्वसम्मति से श्रेष्ठ झांकियों और अखाड़ों का चयन किया गया। झांकियों में हुकमचंद मिल की नरकासुर का वध झांकी को प्रथम स्थान मिला। इसी तरह अखाड़ों में छोगालाल उस्ताद व्यायामशाला और चंद्रपाल उस्ताद व्यायामशाला अव्वल रहे। इसी तरह महिला वर्ग का प्रथम पुरस्कार श्री रामनाथ गुरू शस्त्रकला व्यायामशाला को दिया गया। कलेक्टर आशीष सिंह ने चल समारोह सुचारू रूप से पूरा होने पर इंदौर के नागरिकों, व्यवस्थाओं से जुड़े अधिकारियों-कर्मचारियों, झांकी आयोजकों और अखाड़ों के सदस्यों तथा मीडियाकर्मियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

**निर्णायक समिति के निर्णय–** प्रथम पुरस्कार : हुकुमचंद मिल (नरकासुर का वध) - द्वितीय पुरस्कार : राजकुमार मिल (लंका दहन) और मालवा मिल (भगत के वश में है भगवान) - तृतीय पुरस्कार : कल्याण मिल (सेना का शौर्य) - विशेष पुरस्कार : स्वदेशी मिल (महाशिवरात्रि पर शिव पूजा) और होप टेक्सटाइल मिल (गंगा का पृथ्वी पर अवतरण)

हर साल प्रतिवर्ष की तरह इस साल भी परंपरा के निर्वहन में दिए जा रहे मिलों के महत्वपूर्ण योगदान के मद्देनजर पुरस्कार चयन में केवल मिलों की झांकियों को ही शामिल किया गया था।

**अखाड़ों के पुरस्कार–** चल समारोह में अखाड़ों तथा व्यायाम शालाओं के युवाओं द्वारा हैरत अंगेज प्रदर्शन तथा करतब दिखाए गए। शस्त्र कला की विधा को अखाड़ों तथा व्यायामशालाओं के कलाकारों ने इतनी विविधताओं तथा बारीकियों के साथ प्रस्तुत किया कि दर्शक देखते रह गये। निर्णायक समिति ने इस बार दो विधाओं लाठी तथा दो हाथ के पटे वर्ग में सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुतियों के आधार पर अलग-अलग श्रेणियों में पुरस्कार के लिए अखाड़ों का चयन किया। अखाड़ा निर्णायक समिति द्वारा इन प्रस्तुतियों की उत्कृष्टता के आधार पर निम्नानुसार निर्णय अनुशंसित किए गए।

**लाठी वर्ग में पुरस्कृत -** प्रथम : छोगालाल उस्ताद व्यायामशाला - द्वितीय : महावीर व्यायामशाला इतवारिया बाजार - तृतीय : रविदास व्यायामशाला - विशेष : गाजी गुरु व्यायामशाला तथा अहिरवार चैतन्य व्यायामशाला

दो हाथ के पटे वर्ग में - प्रथम : चंद्रपाल उस्ताद व्यायामशाला - द्वितीय : बिंदा गुरु व्यायामशाला - तृतीय : बाबू सिंह उस्ताद व्यायामशाला, नादिया नगर - विशेष - देवीदीन गुरु व्यायामशाला तथा हीरालाल उस्ताद व्यायामशाला

**महिला वर्ग में पुरस्कृत -** प्रथम : श्री रामनाथ गुरु शस्त्र कला व्यायामशाला - द्वितीय : श्री पंचमुखी गुरू अखाड़ा

**बालक वर्ग में** - प्रथम : कार्तिक राजपूत (लोधी पंच व्यायामशाला)- द्वितीय : आदित्य यादव (गुरु मोहन सिंह उस्ताद व्यायामशाला) - तृतीय : दिव्यांश बेलिया ( महाबलेश्वर व्यायामशाला) - विशेष : विनय भारती (प्रमोद हार्डिया व्यायामशाला) तथा हितेश सोलंकी (बृजलाल उस्ताद व्यायामशाला)

**बालिका वर्ग में** – प्रथम :परिधि धीमान (धानुक समाज बृजलाल गुरु व्यायामशाला)- द्वितीयः जिया यादव (वीर बलवंत गुरु व्यायामशाला डमरू उस्ताद)- तृतीय :भूमिका यादव (मार्तण्ड राव उस्ताद व्यायामशाला)- विशेष :कनक वर्मा (दास हनुमान व्यायामशाला) तथा लक्ष्मी वैध (छोटू गुरु व्यायामशाला)।

# एमवाय का झूठ सामने आया, मां-बाप को हाईजैक करने की कोशिश की गई

### चूहे के कुतरने से मरी बच्ची लावारिस नहीं, परिवार ने आरोप लगाया



**इंदौर।** शहर के एमवाय अस्पताल में चूहों के कुतरने से हुई नवजातों की मौत के मामले में नया मोड़ आया। अस्पताल प्रबंधन पर झूठ बोलने के आरोप लगे हैं। हादसे में मृत में बच्ची को अस्पताल प्रबंधन लावारिस बताकर उसका अंतिम संस्कार करने की तैयारी में था। इसके पहले उसके माता-पिता धार जिले से पहुंच गए।

बताया गया कि उनके साथ जयस संगठन के कार्यकर्ता भी थे, जिन्होंने नारेबाजी शुरू कर दी। आदिवासी बच्ची के लिए न्याय की मांगा। एमवाय के जिम्मेदारों को तत्काल सस्पेंड करने की मांग की। मामले में राजनीति भी शुरू हो गई है। जयस कार्यकर्ताओं की ओर से हादसे में मृत दोनों आदिवासी बच्चों के परिवारों को एक-एक करोड़ रुपए मुआवजा देने और अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज करने की मांग की गई। प्रदर्शन करने वालों ने कांग्रेस विधायक प्रताप ग्रेवाल पर भी गंभीर आरोप लगाए। कहा कि सरदारपुर के विधायक ने रास्ते में परिवार को रोककर 'हाईजैक' करने की कोशिश की, ताकि खुद क्रेडिट ले सकें। %जयस% का आरोप है कि विधायक परिजनों को अपने साथ एमवाय अस्पताल लाना चाहते थे।

**अस्पताल का झूठ सामने –** विधायक प्रताप ग्रेवाल भी एमवाय अस्पताल पहुंचे. उन्होंने आरोपों को गलत बताते हुए कहा कि पीड़ित परिवार मेरी विधानसभा क्षेत्र के हैं। मैं सिर्फ उन्हें न्याय दिलाने की कोशिश कर रहा हूं, कोई क्रेडिट लेने की बात नहीं है। अस्पताल प्रबंधन का झूठ भी बेनकाब हो रहा है। पहले कहा गया था कि धार से रेफर होकर आई बच्ची के माता-पिता उसे छोड़कर भाग गए थे, लेकिन, अब सच्चाई सामने आ गई। बच्ची के माता-पिता ने अपना दर्द बयां करते हुए कहा कि मेरी बच्ची को चूहों ने काट लिया और वो मर गई, लेकिन अस्पताल ने हमें कुछ नहीं बताया। हमें कहा गया था कि जाओ, हम फोन करके जानकारी देंगे। पिता ने गुस्से में कहा कि लापरवाही से मेरी बेटी की जान गई है। अगर आज हम नहीं आते तो ये लोग हमसे अंतिम संस्कार का हक भी छीन लेते। अस्पताल के जिम्मेदारों को सस्पेंड कर एफआईआर दर्ज होनी चाहिए।

# पूरे सप्ताह अच्छी बारिश के आसार अभी 31 इंच पानी गिरा, 7 बाकी

### ● सबसे ज्यादा देपालपुर में 40 इंच पानी गिरा, गौतमपुरा पिछड़ा

**इंदौर।** जिले में सप्ताह भर अच्छी बारिश होने के आसार है। इससे पहले बुधवार से शुक्रवार तक तेज बारिश का दौर चला था। हालांकि, शनिवार को पूरे दिन मौसम साफ रहा। जिले की बारिश का औसत 38 इंच है। अब तक 31 इंच बारिश रिकॉर्ड की जा चुकी है।

शहर में 34.28 इंच बारिश हो चुकी है। जिले में सबसे ज्यादा देपालपुर में 40 इंच से ज्यादा बारिश हो चुकी है, जबकि सबसे कम गौतमपुरा में 22.44 इंच हुई है। जिले को अब 7 इंच और शहर को 3.5 इंच बारिश की जरूरत है। उम्मीद जताई जा रही है कि इस बार इंदौर में औसत से अधिक बारिश हो सकती है। अभी भी प्रदेश के ऊपर एक स्ट्रॉन्ग सिस्टम एक्टिव है।

मौसम विभाग के अनुसार अगले 7 दिन तक मप्र में और अच्छी बारिश होने का अनुमान है। लोगों को नदियों, तालाबों से दूर रहने और सावधान रहने का कहा है। बुधवार रात से गुरुवार तक लगभग 7 इंच बारिश दर्ज की गई थी। जबकि सितंबर का औसत कोटा 6 इंच का होता है। यानी केवल चार दिनों में ही सितंबर महीने का औसत कोटा पूरा हो गया।

# भोपाल में अबतक 60,000 मूर्तियों का विसर्जन



## रात में घाटों पर पहुंचे कलेक्टर, लाल परेड ग्राउंड से वीआईपी रोड तक डेढ़ किमी तक था लंबा जाम

**भोपाल (नप्र)।** भोपाल के 8 बड़े घाट और 33 अस्थायी कुंड में शनिवार सुबह से ही गणेश मूर्तियों का विसर्जन चल रहा है। अबतक करीब 60 हजार से अधिक मूर्तियों का विसर्जन हो चुका है। इसमें तकरीबन 45 हजार गणेश प्रतिमाएं घाट पर वहीं करीब 15 हजार मूर्तियों का विसर्जन लोगों ने घरों के आसपास किया है। इधर, रात 11 बजे कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह नगर निगम कमिश्नर हरेंद्र नारायण के साथ सभी घाटों पर पहुंचे और विर्सजन का जायजा लिया। कलेक्टर सिंह ने बताया कि सुरक्षा के साथ मूर्तियों का विसर्जन कराया जा रहा है। सभी विसर्जन घाट पर एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार समेत पुलिस और नगर निगम की टीमें तैनात की गई हैं। रात 11 बजे खटलापुरा घाट का निरीक्षण करते कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह और निगम कमिश्नर हरेंद्र नारायण। उन्होंने सुरक्षा के संबंध में



पुलिस अधिकारी से बात की। इधर, कोलार रोड, केरवा, भदभदा समेत कई जलस्रोतों में हजारों से अधिक मूर्तियां विसर्जित की गई है। अभी भी भक्त मूर्तियां लेकर पहुंच रहे हैं और ढोल-ढमाकों के साथ बप्पा को विदाई दे रहे हैं। देर रात तक मूर्तियों का विसर्जन चलेगा। यहां सीसीटीवी कैमरे रहेंगे तो गोताखोर और पुलिसकर्मी 24 घंटे तैनात किए गए थे। शहरभर के अलग-अलग इलाकों में निकल रहे चल समारोह के चलते जाम की स्थिति बनी है। लाल परेड ग्राउंड से वीआईपी रोड जाने वाले रास्ते पर करीब डेढ़ किमी लंबा जाम लगा था। डोल ग्यारस (एकादशी) से निगम, प्रशासन और पुलिस अमला घाटों पर तैनात हो गया था, जो 8 सितंबर तक रहेगा। पूर्व में हुए हादसों को देखते हुए पानी में उतरकर मूर्ति विसर्जित करने की मनाही रहेगी। बड़ी मूर्तियों के लिए सभी घाटों पर क्रेन मौजूद है। पूजा-अर्चना के बाद लोग क्रेन पर मूर्ति रख रहे हैं, फिर तालाब में विसर्जित किया जा रहा है। छोटी मूर्तियों के लिए यहीं पर कुंड भी बने हैं। पिछले दो दिन से मूर्तियों का विसर्जन हो रहा है, लेकिन शनिवार को लाखों मूर्तियां विसर्जित होंगी। पांच नंबर स्टॉप पर पार्षद योगेंद्र सिंह गुड्डू चौहान सुबह से ही कर्मचारियों के साथ मौजूद है। उन्होंने बताया, कुंड में गंगाजल और नर्मदा जल भी डाला गया है। अब तक हजारों मूर्तियों का विसर्जन हो चुका है। श्रद्धालु लगातार आ रहे थे।

# आत्मनिरीक्षण द्वारा मनुष्यत्व से देवत्व की ओर उत्थान का योग है सहजयोग

सहजयोग संस्थापिका परम पूज्य श्री माताजी ने सहजयोग के संबंध में अपनी पुस्तक 'सहजयोग' में वर्णित किया है कि, "सर्वप्रथम जिज्ञासु होकर, वैज्ञानिक दृष्टिकोण से व्यक्ति को इस विषय तक पहुंचना चाहिए। परिकल्पना के समान, सम्मान पूर्वक इस विषय का विवेचन होना चाहिए और परीक्षण करने पर यदि सत्य पाया जाये तो निष्कपटता पूर्वक सचरित्र लोगों द्वारा यह स्वीकार किया जाना चाहिए, क्योंकि यह विषय व्यक्ति के पूर्ण हित के लिए तथा पूरे विश्व के हित लिए है।"



सहजयोग ध्यान धारणा द्वारा जब हम आत्मा 'से एकाकार हो जाते हैं तो हमारे क्रिया कलापों को, विचारों को बुद्धि का नहीं वरन् आत्मा का मार्ग दर्शन प्राप्त होता है। हमारी आदतें विचार, उद्देश्य, आवश्यकताएँ परिवर्तित होने लगती है और हम प्रत्येक कार्य में आनन्द का अनुभव करने लगते हैं। सहजयोगी आनंद, प्रेम, करुणा, संगीत, नृत्य व हास्य से भरा हुआ होता है। अतः सहजयोग सामूहिकता द्वारा विकीर्णित चैतन्य लहरियां अविश्वसनीय होती हैं जिन्हें अनेकों बार श्री माताजी के कार्यक्रम में कैमरे ने कैद किया है। जब हम आत्मा के सत्य को समझ लेते हैं तो अनेक प्रकार के डर व भय समाप्त हो जाते हैं। भगवान श्री कृष्ण ने भी आत्मा के सत्य के विषय में कहा है - 'नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि, नैनं दहति पावकः न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुतः ॥ (इस आत्मा को शस्त्र नहीं काट सकते, इसको आग नहीं जला सकती, इसको जल नहीं गला सकता और वायु नहीं सुखा सकती | ( भगवद्गीता, अध्याय 2 श्लोक 231 )

कुण्डलिनी शक्ति जब सहस्त्रार की ओर बढ़ती है तो हमारे भीतर अन्तर्शुद्धि की प्रक्रिया प्रारम्भ हो जाती है हमारे चक्रों नाड़ियों में जो भी दोष होते हैं उनका निवारण प्रारम्भ हो जाता है जिससे अनेक बीमारियाँ स्वतः ही ठीक होने लगती हैं। परंतु सहजयोग केवल समस्याओं के समाधान का विकल्प नहीं बल्कि सत्य की खोज का मार्ग है। सहजयोग आत्मज्ञान को प्राप्त कर आत्मनिरीक्षण द्वारा मनुष्यत्व से देवत्व की ओर उत्थान का योग है। ये नज़दीकी सहजयोग ध्यान केंद्र की जानकारी टोल फ्री नंबर 1800 2700 800 से प्राप्त कर सकते हैं।



इंदौर के एमवाय अस्पताल में चूहों द्वारा कुतरे जाने से हुई नवजात शिशु की मौत के बाद जब परिजनों ने घर पर शव से कपड़े हटाए तब यह वीभत्स दृश्य दिखाई दिया। सड़े हुए सिस्टम के "चूहों" ने केवल इस नवजात की चार उंगलियां ही नहीं खाईं, वो सरकार की संवेदनशीलता को भी खा कर खत्म कर चुके हैं।


दैनिक रणजीत टाइम्स

जिला एवं तहसील स्तर पर

एजेंसी देना हैं

अपना बायोडाटा सम्पूर्ण विवरण के साथ हमें प्रेषित करें।

सम्पर्क करें

8224951278 :: 9827068888

जन्मदिन की अग्रिम शुभ सूचना

"रंजीत टाइम्स" में अब आप अपने या अपने प्रियजनों का जन्मदिन एक दिन पहले ही निशुल्क प्रकाशित करवा सकते हैं!

बस हमें भेजिए: 1 जन्मदिन मनाने वाले की फोटो

2 उसका पूरा नाम- 3 बधाई देने वाले का नाम जन्मदिन के एक दिन पहले ही विज्ञापन भेज दें, ताकि समय रहते प्रकाशित किया जा सके।

भेजने का नंबर (Aditya): 8224951278

रंजीत टाइम्स में आपका विज्ञापन पूरी तरह मुफ्त प्रकाशित किया जाएगा!
अपने जज़बातों को शब्द दें – सिर्फ रंजीत टाइम्स के साथ।
टीम रंजीत टाइम्स- "आपका अपना अख़बार, आपकी आवाज़"

रणजीत टाइम्स